रसोई गैस के खराब रेगुलेटरों के लिये प्रभार

1590. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रसोई गैस वितरक से नई गैस खरीदते समय तेल निगम की कम्पनियों द्वारा रेगुलेटरों की कीमत के रूप में 50 रुपए वसूल किये जाते है ;

(ख) यदि हां, क्या यह भी सच है कि खराब या टूटा हुआ रेगुलेटर बदलने के लिए गैस वितरकों द्वारा ग्राहकों से 75 रुपए वसूल किए जाते है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) नए एल पी जी कनेक्शन जारी करते समय उपभोक्ताओं से 50 रुपए प्रति रेगुलेटर की दर से वापसी योग्य जमा राशि ली जाती है ।

(ख) और (ग) टूटे हुए/खराब प्रेशर रेगुलेटरों को मुफ्त बदला जाता है । जांच करने पर जब यह साबित हो जाता है कि उपभोक्ता द्वारा जबरदस्ती घुमाने/लापरवाही से बरतने के कारण टूटे/खराब हुए रेगुलेटरों को बदलने के लिए 75/- रुपए का शुल्क लिया जाता है ।

कोल इंडिया लिमिटेड में बिक्री में धांधली

1591. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड ने पिछले दो वर्ष की छोटी सी अवधि के दौरान छः सात मुख्य महा प्रबंधक (बिक्री) बदल दिय है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनुभवी बिक्री अधिकारी के न होने के कारण बिक्री में धांधली हुई है जिसके परिणाम स्वरुप कंपनी को घाटा हुआ है ;

(ग) क्या सरकार कोल इंडिया लिमिटेड में हो रहे घाटे को कम करने के लिए इसके केन्द्रीय कार्यालय में निदेशक (बिक्री) का पद सृजित करके उस पर उक्त विभाग के किसी अनुभवी अधिकारी या बाहर से किसी व्यक्ति को नियुक्त करने पर विचार कर रही है ; और

(घ) यदि हां, तो ऐसा कब तक कर दिए जाने की संभावना है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) जी, नहीं । पिछले दो वर्षों के दौरान मात्र एक मुख्य महा प्रबन्धक (बिक्री) स्तर के अधिकारी का तबादला किया गया ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) फिलहाल कोल इंडिया में निदेशक (बिक्री) के एक पद को सृजित किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Work on Karnal Refinery

1592. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the work on Karnal Refinery is going on as per schedule;

(b) if not, what are the reasons therefor; and

(c) by when the Project is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) to (c) The Government have approved the setting up of a 6.0 MTPA refinery at Karnal in the joint sector by Indian Oil Corporation and Tata Chemicals Limited. A Detailed Project Report (DPR) has since been prepared and the project is now scheduled to be completed by 1998.